पहाड़ों की ऊंचाइयां न केवल देखने में सुंदर होती हैं बल्कि वे परिंदों के समान आसमान में ऊंची उड़ान भरने का भी मौका देती हैं। इसलिए इससे बेहतर भला और क्या होता कि ऐसी ही किसी जगह पर हमारे युवा साथी अपने सपनों को उड़ान देने के लिए जमा होते। आठ शहरों में स्थित हमारे रेनबो होम्स से 16 से 18 की उम्र के करीब पांच सौ युवा उड़ान वर्कशॉप में शिरकत करने के लिए पूर्व में शिलांग और दक्षिण में कोटागिरि में जमा हुए। उड़ान रेनबो फाउंडेशन ऑफ इंडिया की एक वर्कशॉप है जहां इन युवाओं को अपने जीवन की संभावनाओं को पंख देने, सपने देखने और उन सपनों को पूरा करने का भरोसा खुद में पैदा करने में मदद दी जाती है। यह उड़ान उन खास तरह के युवाओं की है, जिन सभी ने अपने जीवन का सफर विपरीत परिस्थितियों में शुरू किया। मुश्किलों ने उन्हें जीने की कला सिखाई और उम्र से पहले बड़ा कर दिया। उन्होंने इंसानी जिंदगी के सबसे खराब पहलुओं का सामना किया, हिंसा से लेकर शोषण तक सब सहा, बड़ों से धोखा खाया, बेघर हुए और थककर इस अमानवीय जिंदगी से भाग खड़े हुए... और फिर उनमें से हरेक किसी न किसी रेनबो होम की छाया में पहुंच गया।

इस पृष्ठभूमि से आए इन सारे युवाओं के लिए मेघालय व नीलगिरि पहाड़ों की इन वर्कशॉप के कई अनुभव उनकी जिंदगियों के पहले थे। वे लोग पहली बार पहाड़ की सैर को गए और पहली बार अपने घरों से इतना दूर। उनके लिए यह गहरे रोमांच का भी क्षण था। मेघालय में उमड़ते बादलों और कोटागिरी में बारिश व धुंध के बीच दोनों ही वर्कशॉप संविधान की प्रस्तावना को पढ़ने के साथ शुरू हुईं ताकि धर्मनिरपेक्षता, समानता, आजादी व भाईचारे के मूल्यों को रेखांकित किया जा सके। वर्कशॉप के सत्र अतीत, भविष्य, अच्छा इंसान बनने की खूबियों, यौन संबंधों और वैज्ञानिक चेतना जैसे विषयों में बांटे गए थे। अपने अतीत की बात करते हुए इन युवाओं को खुलने में थोड़ा वक्त तो लगा लेकिन एक बार खुलना शुरू हुए तो फिर उन्होंने अपने बचपन का सारा दर्द वहां उढ़ेल दिया। दूसरे सत्र में हर्ष पापा उन्हें भविष्य के सफर पर ले गए और वहां ले जाकर थम गए जब सब 35 की उम्र के हो गए थे। उसके बाद उनसे अपने उस समय के जीवन के बारे में बताने को कहा गया। उनकी कल्पनाएं व आकांक्षाएं उड़ान लेने लगीं। उत्तर व दक्षिण के बच्चों की व्यावसायिक अपेक्षाएं भले ही अलग-अलग थीं, लेकिन एक बात सबसे में एक जैसी थी और वह थी- अपने घर में एक खुशहाल परिवार। तीसरा सत्र इस बारे में था कि एक अच्छे इंसान की खूबियां क्या होती हैं। इसी में हर्ष पापा ने यौन संबंधों का मसला लिया और उनके विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। आखिरी सत्र वैज्ञानिक चेतना और तर्कशक्ति के बारे में था, जिसमें उन्हें बताया गया कि क्यों उनके लिए सवाल उठाना जरूरी है।

इन सत्रों के अलावा बच्चों ने दोनों जगहों पर प्रकृति का भी जमकर लुत्फ उठाया। शामें नृत्य, संगीत व अभिनय के रूप में सबकी कलात्मक प्रतिभाओं को सामने लाने वाली थीं। कुल मिलाकर यह एक ऐसा अनुभव था जो सबके दलो-दिमाग में एक गहरी छाप छोड़कर गया।

**चंदना चक्रवर्ती, बोर्ड मेम्बर, आरएफआई**

RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • రెయిన్‌బో సాథీ • ரெயின்போ சாத்தி • ರೈನ್‌ಬೋ ಸಾಥಿ • রেইনবো সাথী
RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • రెయిన్‌బో సాథీ • ரெயின்போ சாத்தி • ರೈನ್‌ಬೋ ಸಾಥಿ • রেইনবো সাথী
RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • రెయిన్‌బో సాథీ • ரெயின்போ சாத்தி • ರೈನ್‌ಬೋ ಸಾಥಿ • রেইনবো সাথী

# उड़ान कार्यशाला ने दिखाई राह



**ज्योति कुमारी,** *10वीं, खिलखिलाहट अमन रेनबो होम*
**संगीता कुमारी,** *11वीं, युवा साथी, पटना*
**रानी कुमारी,** *10वीं, घरौंदा अमन रेनबो होम, पटना*
**शिवम कुमार,** *युवा साथी, पटना*

पटना से चल कर हम सब रेनबो होम के बच्चे 30 जुलाई 2019 को शिलांग पहुँचे। वहां 31 अगस्त से हर्ष पापा ने सभी बच्चों के साथ कार्यशाला शुरू की। वहां दिल्ली, कोलकता और पुणे से भी हमारे दोस्त आए थे। हम सब बच्चों ने वहां एक-दूसरे से मिलकर अपने अनुभव बांटे। हर्ष पापा ने हमारा मार्गदर्शन करते हुई कई अच्छी-अच्छी बातें बताई। एक मनुष्य को जीवन में क्या करना चाहिए और कैसे आगे बढ़ना चाहिए, उसके लिए क्या करना अच्छा होगा और क्या नहीं, वगैरह। हमें कहा गया कि हमें अपने अतीत से घबराना नहीं चाहिए बल्कि अपने भविष्य की ओर निगाह करके आगे बढ़ना चाहिए। हमारा भविष्य कैसा होगा और कैसा होना चाहिए, यह स्वयं पर निर्भर करता है। कार्यशाला के दौरान हमने कई गतिविधियों में हिस्सा लिया, जैसे कि डांस, गाना, कविता आदि। वहां एक सत्र में हमें टाइम मशीन की कल्पना करके उससे भविष्य में अपने जीवन के एक वक्त की कल्पना करके उसे दूसरों से साझा करने को कहा गया। हमें हमारे लक्ष्य के बारे में भी बताया गया और यह भी कि हम कोई काम करते हुई भी अपनी पढाई जारी रख सकते हैं। कार्यशाला के दौरान हमें यह भी सीख मिली कि धैर्य से दूसरों की भी बात सुननी चाहिए। अंतिम दिन हमें एक फिल्म भी दिखाई गई। इस तरह पूरी कार्यशाला हम लोगों के लिए मनोरंजक और शिक्षाप्रद, दोनों रही।

# UDAAN gave us the right direction

We, all the children of Rainbow Homes Patna reached Shillong on 30th July 2019. On 31st July 2019 Harsh Papa started the workshop. There were children from several cities who took part in the workshop. We all were together there as a group. Making our vision clear and showing us the correct path, Harsh Papa taught us many valuable things. Such as, what should a person do in his life and how he should do? These were certain topics covered under his session. We learned that we should never be worried of our past and we should look ahead in life. We also performed activities like dance, singing, poetry etc. during the workshop. In one of the sessions, we imagined that we are travelling in our future through a time machine and then we had to imagine and share with others our life at that point in future. There we were taught about our goals in life. We also came to know that we can continue with our studies even while doing certain jobs. We should never be afraid of obstacles in life, instead we should try to overcome them. We also learnt that we should be patient while listening to others. On the last day of the workshop, all students performed certain activities and watched a film. Thus, the workshop was very entertaining as well as fruitful for our future.

**Jyoti Kumari,** Std X, Khilkhilahat Aman Rainbow Home (ARH), Patna
**Sangita Kumari,** Std XI, Young Friend, Patna
**Rani Kumari,** Std X, Gharaunda ARH, Patna
**Shivam Kumar,** Young Friend, Patna

# Showing us the path of humanity!



Apart from preparing for our future, UDAAN workshop guided us on the following values:
- Qualities of a good human being
- Difference between a successful and a good human being
- Importance of values like discipline, humility, respect, honesty, helpfulness, responsible behavior, kindness, trust and patience.

**Kajal,** Std X, Khilkhilahat Aman Rainbow Home, Patna
**Gunja,** Std X, Gharaunda Aman Rainbow Home, Patna
**Arun,** Std X, Umang Aman Sneh Ghar, Patna

# हमें कराई मानवता की पहचान!

अपने भविष्य की तैयारी के अलावा, उड़ान कार्यशाला में हमने कई अन्य जीवन मूल्य भी सीखे:
- अच्छा इंसान की खूबियां क्या हैं
- एक सफल इंसान और एक अच्छे इंसान के बीच क्या फर्क है
- अनुशासन, विनम्रता, आदर, ईमानदारी, मदद का भाव, दया, ज़िम्मेदारी, विश्वास और सहेनशीलता जैसे मूल्यों का जीवन में क्या महत्व है

**काजल,** *10वीं, खिलखिलाहट अमन रेनबो होम, पटना*
**गुंजा,** *10वीं, घरौंदा अमन रेनबो होम, पटना*
**अरुण,** *10वीं, उमंग अमन स्नेह घर, पटना*




**Champa,** Std IX, Gharaunda Rainbow Home, Patna

**चम्पा,** *9वीं, घरोंदा रेनबो होम, पटना*

# खूबसूरत है शिलांग

*शिलांग में हुई उड़ान कार्यशाला के बारे में पटना के ज्ञान-विज्ञान रेनबो होम की 10वीं की छात्रा **चंदा कुमारी** ने खिलखिलाहट अमन रेनबो होम की 10वीं की छात्रा **मौसम कुमारी** का साक्षात्कार लिया*

**चंदा: तुम्हें शिलांग कैसा लगा? क्या वह पटना से ज्यादा पसंद आया?**
**मौसम:** मुझे शिलांग बहुत अच्छा लगा। वहां की आबोहवा बहुत अच्छी थी। पेड़-पौधे बहुत अधिक मात्रा में थे जिसके कारण वहां हवा बहुत शुद्ध लगी। वहां की व्यवस्था और साफ़ सफाई काफी अच्छी थी इसलिए घूमना और रहना वहां बहुत अच्छा लगा, इस कारण पटना की तुलना में मुझे शिलांग अधिक अच्छा लगा।

**चंदा: वहां उड़ान कार्यशाला में कितने लोगों से दोस्ती हुई? नए लोगों से मिलकर कैसा लगा?**
**मौसम:** वहां अन्य राज्यों के बाकी शहरों से भी साथी आए थे। सब से मिलकर अच्छा लगा। मेरी दोस्ती वहां फ्लोसिता व श्वेता से हुई।

# Shillong is beautiful

***Chanda Kumari** of 10th standard at Gyan-Vigyan Aman Rainbow Home in Patna interviewed another 10th standard student, **Mausam Kumari** of Khilkhilahat Aman Rainbow Home regarding UDAAN workshop held at Shillong recently*



**Chanda: How was Shillong? Did you find it better than Patna?**
**Mausam:** I liked Shillong a lot. The weather is very good there. There is lot of greenery and therefore air was very pure. City is properly managed and is quite clean. So, I enjoyed visiting and staying at Shillong.
May be therefore I found Shillong to be better than Patna.

**Chanda: How did you find meeting new people at UDAAN workshop? How many friends did you make?**
**Mausam:** Young ones from many other states had also come there. I enjoyed meeting them all. I made friends with Flauseeta and Shweta.

# सपने पूरे करने का रास्ता दिखा

*पटना के घरौंदा अमन रेनबो होम में 8वीं कक्षा की चाइल्ड जर्नलिस्ट **आशा कुमारी** ने 12वीं कक्षा के युवा साथी **शिवम कुमार** से उड़ान कार्यशाला के बारे में बातचीत की*



**आशा: इस वर्ष उड़ान कार्यशाला शिलांग में हुई थी। आपको वहां जाकर कैसा लगा?**
**शिवम:** मुझे वहां बहुत अच्छा लगा क्योंकि वहां का मौसम बहुत अलग था पटना से और वहाँ के पहाड़ और हरियाली देखने में बहुत मजा आया।

**आशा: आप उड़ान कार्यशाला से क्या-क्या सीख पाए?**
**शिवम:** मैंने अपनी आगे की जिंदगी के लक्ष्य के बारे में समझा और यह भी जाना कि उसे हासिल करने में क्या-क्या परेशानियां आएंगी और उनसे मुझे कैसे निबटनना होगा।

**आशा: आप कार्यशाला में बैठे तो आप कैसा महसूस कर रहे थे?**
**शिवम:** कार्यशाला में शुरू में मुझे अजीब सा लग रहा था। सोच रहा था कि पता नहीं क्या-क्या पूछा जाएगा और क्या नहीं पूछा जाएगा और किससे ज्यादा पूछा जाएगा।

**आशा: आप को उड़ान कार्यशाला से क्या लाभ हुआ?**
**शिवम:** उड़ान कार्यशाला में जाने के बाद मुझे अपने लक्ष्य को पाने और अपने सपने कों पूरा करने का सही रास्ता मिला।

**आशा:** क्या वहाँ जाकर दूसरे शहरों के साथियों से दोस्ती हुई?
**शिवम:** वहां कई नए दोस्त बने। हम सब साथ मिलजुल कर रहे।

# Found way to my dreams

*Child Journalist **Asha Kumari** of 8th standard from Gharaunda Aman Rainbow Home in Patna interacted with **Shivam Kumar** of 12th standard on his participation in UDAAN Workshop*

**ASHA: This year's Udaan Workshop was organized at Shillong. How did you feel at Shillong?**
**SHIVAM:** I felt very good and enjoyed the greenery and mountains which is not there in Patna.

**ASHA: What did you learn from UDAAN?**
**SHIVAM:** I learnt about goals and the challenges that I will face and how should I overcome it.

**ASHA: How did you feel when you were going for the workshop?**
**SHIVAM:** Initially I was a little nervous and confused about what questions will be asked to us and who would have to answer more.

**ASHA: How useful do you find the Workshop?**
**SHIVAM:** I am very happy to have attended the workshop as it helped me in making my career plan. I want such workshop to happen at regular intervals.

# सबसे खूबसूरत तीन दिन

'ये मेरे जीवन के सबसे शानदार तीन दिन थे; मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं ऐसी खूबसूरत जगह पर जाऊंगा' यह पंक्तियाँ हमारे एक युवा मित्र की खुशी व उत्साह व्यक्त करती हैं जिसने 31 जुलाई से 2 अगस्त 2019 तक बारापानी, मेघालय में आयोजित उड़ान कार्यशाला में भाग लिया। हर साल उड़ान कार्यशाला का आयोजन रेनबो होम व स्नेह घर में रह रहे 16 से 18 की उम्र के युवा साथियों के लिए किया जाता है ताकि वह होम से बाहर स्वतन्त्र जीवन जीने और अपने बेहतर भविष्य के लिए खुद को तैयार कर सकें। तीन दिन की कार्यशाला में पटना से गए 32 युवाओं और 10 स्नेह साथियों के लिए काफी बेहतरीन अनुभव रहा जहाँ सभी ने बचपन से युवावस्था में हो रहे बदलावों के विभिन्न चरणों को समझा और आगे की पढ़ाई, रोजगार आदि के सिलसिले में योजनाएं तैयार करने पर भी समझ बनी। बात जिम्मेदारीपूर्ण अंतरंग रिश्तों पर भी हुई। कोलकाता, पुणे, दिल्ली और पटना के युवा साथियों ने नए दोस्त बनाए, अच्छा समय साझा किया और एक-दूसरे के अनुभवों कों सुना। विभिन्न गतिविधियों के द्वारा उन्हें अपनी आकांक्षाओं, सपनों और चुनौतियों से रू-ब-रू होने का मौका मिला। इस कार्यशाला ने युवा साथियों को उड़ान भरने के लिए नए पंख दिए हैं।



शादाँ

**फ्यूचर एवं कैपेसिटी बिल्डिंग मेनेजर,**
**रेनबो होम्स प्रोग्राम, पटना**

# Best Three Days

"These 3 days were the best days of my life; I had never imagined going to such picturesque place." These lines reflect the pleasure and joy a youngster or a Young Friend as we call them shared after returning from North Udaan Workshop held at Barapani, Meghalaya from 31st July to 2nd Aug 2019. The 3 days' workshop was a great experience for the 32 young adults and 10 Sneh Sathis from Patna to understand the different stages of transition and prepare their future plans in terms of continuing education, short term and long term employment and also understand sexuality and responsible relationships. Young adults across four cities of Kolkata, Pune, Delhi and Patna had a great time sharing, making new friendships and learning from each other's' experiences. Exercises like Time Machine and Qualities of a good Human being and Successful Human being were not only enjoyed by the young adults but also had underlying messages for them to reflect about their future aspirations, dreams and as well as difficulties and limitations. Certainly, Udaan Workshop has given the Young adults wings to fly as someone has rightly said, "You were born with potential… you have wings. Learn to use them and fly."

**Shadan, Future and Capacity Building Manager,**
**Rainbow Homes Program, Patna**



# PUTTING BEST FOOT FORWARD

## मजबूत कदम आगे बढ़ाना

**उड़ान के सबक**

- दूसरी जगहों के नए दोस्त बनाने और उनकी भाषा सीखने में मजा आया
- टाइम मशीन बहुत रोचक थी
- उड़ान वर्कशॉप में हमने सीखा कि 18 साल की उम्र पार करने वालों को होम से बाहर निकलने के बाद कैसे खुद को संभालना चाहिए
- हमने बाल विवाह, लिंग संबंधी मामलों, माहवारी के दौरान स्वास्थ्य, ईमानदारी और गुस्से को काबू करने के तरीकों आदि के बारे में सीखा
- हमने यह भी जाना कि अपने दम पर रहने के लिए हमें खुद को कैसे तैयार करना चाहिए, बड़े समूह के सामने भी कैसे आत्मविश्वास से बोलना चाहिए। कम समय होते हुए भी हमने दूसरों से मेलजोल बढ़ाना सीख लिया।

**सुझाव:** पानी की सुविधा थोड़ी बेहतर होनी चाहिए थी, कमरे भी और साफ हो सकते थे

**सीएच. प्रेम कुमार,** *15 साल, 10वीं, आश्रिता बॉयज होम*
**के. शिवा,** *16 साल, 10वीं, एसईएस बॉयज होम, हैदराबाद*
**जी. संध्या,** *16 साल, 1 वर्ष इंटर, बाला तेजासु रेनबो होम*
**के. सुष्मिता,** *16 साल, 2 वर्ष इंटर, अर्ण रेनबो होम,*
**बी. अखिला,** *17 साल, 2 वर्ष इंटर, एसआरडी रेनबो होम*
**शबाना,** *17 साल, 10वीं, आरएफआई, फलकनुमा*

**LEARNINGS FROM UDAAN**

- Liked making new friends from other places and learning new languages
- Time machine was very interesting
- In UDAAN workshop we learnt that how all those who are crossing age of 18 years should put up themselves once they are out of Home
- We learnt about child marriages, gender issues, menstrual health, honesty and anger management
- We learnt how to prepare ourselves for living independently, speak confidently even to a large audience, we learnt to mix with others freely even though the time was short

**Suggestions** : Water facility should have been better, rooms could have been cleaner.

**Ch. Prem Kumar,** 15 years, 10th Std, Ashritha Boys Home, Hyderabad
**K. Shiva,** 16 years, 10th Std, SES Boys Home, Hyderabad
**G. Sandhya,** 16 years, 1st year Intermediate, Bala Tejassu Rainbow Home
**K. Sushmita,** 16 years, 2nd year Intermediate, ARUN Rainbow Home, Hyderabad
**B. Akhila,** 17 years, 2nd year, Intermediate, SRD Rainbow Home, Hyderabad
**Shabana,** 17 years, 10th Std, RFI Falaknuma





# Very inspiring sessions

I was very happy to be part of the UDAAN workshop at Shillong in Meghalaya. It was a very good experience. I would like to thank the teachers who accompanied us in this visit. They are always kind and helpful to us. The place where we stayed was very beautiful with many plants, flowers and also some fauna around us. We stayed there for almost a week and our every need was taken care of. All the sessions taken by Harsh papa and other teachers were very inspiring, knowledgeable and interesting. There I got to know more about even myself. There were many playful activities and every activity was fun as well as a learning experience. In one of the sessions we shared about our background, past life and a lot about self. We also discussed problems that we are currently facing at Rainbow Homes. In these times, I am lucky to be with Rainbow Homes family where there are so many people to take care of me.

**Marcellina Mondal,**
Sealdah Rainbow Home, Kolkata

# बहुत प्रेरक रहे सत्र

मेघालय के शिलांग में उड़ान की वर्कशॉप का हिस्सा बनने से मुझे बड़ी खुशी हुई। यह बहुत ही बढ़िया अनुभव था। मैं सबसे पहले तो उन टीचर्स का शुक्रिया अदा करूंगी जो इस यात्रा में हमारे साथ गए। वे हमेशा बेहद मददगार होते हैं और हमारा ख्याल रखते हैं। जिस जगह हम रुके थे, वह बहुत सुंदर थी और उसके आसपास पेड़-पौधे, फूल, झील और जानवर भी थे। हम वहां एक सप्ताह रहे और हमारी हर जरूरत का ख्याल रखा गया। हर्ष पापा व बाकी सभी लोगों द्वारा लिए सत्र काफी प्रेरक, ज्ञानवर्धक और रोचक थे। वहां तो मुझे अपने खुद के बारे में काफी कुछ जानने का मौका मिला। खेल-खेल में कई गतिविधियां भी हुईं और हर गतिविधि में मनोरंजन भी था और सीखने को बहुत कुछ। एक सत्र में तो हमने बीते जीवन के बारे में सबसे साझा किया। हमने अभी की जिंदगी की दिक्कतों के बारे में भी बात की। मुश्किल दिनों में यह सोचकर अच्छा लगता है कि मैं रेनबो होम परिवार के साथ हूं जहां इतने लोग देखरेख करने वाले और राह दिखाने वाले हैं।

**मार्सेलिना मंडल,**
*सियालदह रेनबो होम, कोलकाता*



**Rekha,**
10th Std, Bangalore

# Trust And Relationships

I attended UDAAN workshop in Tamil Nadu. Among other things, we also learnt about relationships. In his session, Harsh Papa told us about many valuable things. Our relationships should have respect, responsibility, trust and understanding. Love and happiness will automatically follow. A healthy relationship is based on love and understanding feelings of others. This is going to help us in all our relationships.



# विश्वास के रिश्ते

मैंने तमिलनाडु में हुई उड़ान वर्कशॉप में शिरकत की। बाकी बातों के अलावा हमने रिश्तों के बारे में काफी जाना। हर्ष पापा ने हमें कई सारी महत्वपूर्ण बातें बतलाईं। हमारे रिश्तों में सम्मान, जिम्मेदारी, विश्वास व समझ होनी चाहिए। ऐसा रहा तो प्यार व खुशी अपने आप हासिल हो जाएंगे। एक स्वस्थ रिश्ता प्रेम व दूसरों की भावनाओं को समझने पर आधारित होता है। यह बात हमें सारे रिश्तों में मददगार साबित होगी।

**रेखा,** *10वीं, बैंगलोर*



**A Ranjitha,** 10th Std, AMJ Rainbow Home, Chennai



**T Amala,** 11th Std, AKP Rainbow Home



**A Salomi,** 10th Std, AKP Rainbow Home, Chennai

## Shown us the reality of society

UDAAN taught us many things and among them were also the realities of our present society. Inequalities based on caste, gender, class are evident in our society. Social hierarchy is prevalent in gender groups, where males are preferred over females, thus female infanticide is also existing in the society. Early and child marriages are widely practiced. There is lack of safety for females. In rural areas, girls are not allowed to study beyond eighth std and many girls who are married off before they turn 18 or are forced into early marriages are made to leave school, depriving them of their right to education and future independence. In rural areas, there are no sanitation facilities available for women which make them feel unprotected that lead to suicides. Society also lacks scientific temper which leads to superstitious beliefs.



## समाज का सच दिखाया हमें

उड़ान ने हमें कई बातें सिखाईं और उन्हीं में से एक था हमारे आज के समाज की सच्चाई को हमारे सामने रखना। जाति, लिंग व वर्ग के आधार पर असमानताएं आज भी हमारे समाज में मौजूद हैं। लैंगिक समूहों में भी सामाजिक पदानुक्रम चलता है और पुरुषों को महिलाओं की तुलना में ज्यादा अहमियत मिलती है। कन्या भ्रूण हत्या इसी वजह से आज तक जारी है। लड़कियों की कम उम्र में शादी कर दी जाती है, जिससे वे आगे पढ़ाई नहीं कर पाती हैं यानी वे शिक्षा के अधिकार से वंचित कर दी जाती हैं। महिलाओं के लिए सुरक्षा का भी अभाव है और न ही ग्रामीण इलाकों में महिलाओं को साफ-सफाई की सुविधा उपलब्ध है। हमने यह भी जाना कि कैसे हमारे समाज में वैज्ञानिक सोच का अभाव है जिसके कारण अंधविश्वास व रूढ़िवादी मान्यताएं अब भी प्रचलित हैं।

**ए. रंजिता,** 10वीं, एएमजे रेनबो होम, चेन्नई
**टी अमाला,** 11वीं, एकेपी रेनबो होम, चेन्नई
**ए सलोमी,** 10वीं, एकेपी रेनबो होम, चेन्नई



**Sivagami Natarajan**

## Preparing for adult lives

I found this workshop very needed one as the children's future in the childcare institutes has been over looked most often. It is much needed platform for the adolescents to prepare themselves for their adult life, as they were given opportunities to think about their past, present and future life. At the workshop, young friends had the good opportunity to learn effective inter-personal communication, relationships and public speaking. The sessions by Harsh Mander were informative and motivating for the young ones as they focussed more on the self-confidence and preservation to reach the goal of life by citing the living examples. They also got exposure on different sexual orientations and had the understating that it is very natural and normal in contrast to the society's views on that.

Young friends were very curious and enthusiastic about Chandana Madam's session on scientific temper which gave them the wider knowledge of the connections of scientific thinking and moral way of living by not considering the superstitious beliefs. I would say that young friends began with anxiety, participated with excitement and left with contentment.

**State Program Manager, Rainbow Homes Program, Chennai**

## वयस्क होने की तैयारी

मुझे लगता है कि इस तरह की वर्कशॉप बहुत जरूरी है क्योंकि आम तौर पर बच्चों की देखभाल करने वाली संस्थाएं बच्चों के भविष्य की जरूरतों को नजरअंदाज कर देती हैं। वयस्क होते बच्चों के लिए एक जरूरी मंच है जो उन्हें आगे की जिंदगी के लिए तैयार करता है। यहां उन्हें अपने अतीत, वर्तमान और भविष्य, तीनों पर नजरें डालने का मौका मिला। वर्कशॉप में उन्हें संवाद कौशल, संबंधों और सार्वजनिक मंचों पर बोलने की भी सीखें मिलीं। हर्ष मंदर सर के सत्र काफी प्रेरक और जानकारी देने वाले थे क्योंकि उनमें जीवंत उदाहरणों के जरिये यह बताया गया था कि जीवन में मकसद हासिल करने के लिए आत्म-विश्वास व मेहनत कितना जरूरी है। बच्चों को यौन संबंधों के बारे में भी बड़े खुले तरीके से बताया गया। वैज्ञानिक सोच के बारे में चंदना मैडम के सत्र में भी बच्चों में काफी उत्साह नजर आया। बच्चे यहां आए तो उनमें बहुत कौतुहल था, उन्होंने बड़े उत्साह के साथ यहां के यहां भागीदारी की और संतुष्ट होकर यहां से गए। यकीनन, वे कुछ दिनों तक यहां के माहौल व नए दोस्तों को मिस करेंगे।

## Interactive and encouraging

The UDAAN workshop was active as it emphasised learning by doing; interactive as the sessions has discussion and sharing; relevant as it focused on the real life issues facing young people and the society; critical in encouraging the young people to think themselves; collaborative in employing group work and cooperative learning; and finally, participative by giving young friends a say in their own learning. The best outcome of the UDAAN workshop was that, it helped the young friends to learn effectively managing the challenges and obstacles of their daily life as well as improving confidence, assertiveness and decision making as well as the ability to develop into successful and employable adults in their life.

**A Diana**
Future Manager, Rainbow Home Program, Chennai



## सक्रिय और उत्साहवर्धक

उड़ान की वर्कशॉप में सक्रियता थी क्योंकि वहां काम करके सीखने पर जोर था; वह इंटरएक्टिव थी क्योंकि उसमें संवाद व साझेदारी पर जोर था; प्रासंगिकता थी चूंकि उसमें युवाओं व समाज के सामने पेश आ रहे वास्तविक मुद्दों पर जोर था; वह युवाओं को अपने बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित करती थी; उसमें सहभागिता थी क्योंकि बच्चों के समूह में काम करने और उससे सीखने को बढ़ावा दिया गया था और, वह भागीदारीपूर्ण भी थी क्योंकि युवाओं की अपनी सीखने की प्रक्रिया में शिरकत थी। उड़ान कार्यशाला का सर्वश्रेष्ठ नतीजा यह थी कि उससे युवा दोस्तों को रोजमर्रा की जिंदगी में पेश आने वाली बाधाओं व चुनौतियों को प्रभावी रूप से पार पाने में मदद मिली। साथ ही इससे विश्वास बढ़ाने, ठोस तरीके से सोचने और, बेहतर फैसले लेने में भी वह सक्षम रहेंगे।

**ए. डायना**
फ्यूचर मैनेजर,
रेनबो होम प्रोग्राम, चेन्नई

RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • రెయిన్‌బో సాథీ • ரெயின்போ சாத்தி • ರೈನ್‌ಬೋ ಸಾಥಿ • রেইনবো সাথী




Devi
1st year,
PUC, Bangalore

## A friend indeed

A good friend is a blessing. Harsh Papa introduced us to our new friends as at UDAAN workshop, there were participants from different states. Just a friendship like this can help us learn and communicate in so many languages, isn't it! Wherever in the world you go, you will always need good friends at every point in life. And, as it is said- a friend in need is friend indeed; there might be many situations when you will look towards friends for help. A true friendship is about sharing and caring, but it also has to be honest, bold and responsible.

# दोस्तों का साथ



एक अच्छा दोस्त बड़ी नियामत होता है। हर्ष पापा ने उड़ान वर्कशॉप में हमें नए दोस्तों से मिलाया क्योंकि वहां दूसरे राज्यों से भी नए-नए साथी आए थे। ऐसी किसी भी दोस्त से हम कितना कुछ सीख सकते हैं, नई भाषाएं, नए संवाद जान सकते हैं। दुनिया में आप कहीं भी जाएं, कुछ भी करें, अच्छे दोस्त हमेशा चाहिए होते हैं। जैसा कि कहते हैं, एक अच्छा दोस्त वही है जो जरूरत के वक्त काम आए। ऐसी कई स्थितियां होती हैं जब आप मदद के लिए किसी दोस्त की जरूरत महसूस करते हैं। अच्छी दोस्ती में प्रेम व साझीदारी तो होती ही है, उसे ईमानदार व जिम्मेदार भी होना चाहिए।

देवी,
1 वर्ष, पीयूसी, बैंगलोर

## Girls were keen to understand



Shiny Vincent

As a coordinator of the state futures program, I had the opportunity to arrange for the things right from scratch. As I enjoy being with the young people, I was excited but also apprehensive about how the young ones are going to participate in UDAAN workshop. I was involved in translating to a group of 8-10 young people from Chennai and Bangalore, as I am well versed with both the languages. It was a diverse group and as and when I began to translate, I noticed that the girls were really more keen on understanding the issues, especially on topics like 'time machine' and dealing with relationships. I also had a great experience in meeting the young people from the other States and interacting with my colleagues from Hyderabad and Chennai. Entire workshop was very well facilitated by Harsh Mander and it was a good kickstart for me to continue discussing on future plans of the young adults.

Futures coordinator, Rainbow Homes, Bangalore

# Emotions and relationships



Varalakshmi V.
16 years, RDR Rainbow
Home, Bangalore

When I attended UDAAN, I met lots of new friends in these wonderful four days. I learnt many things there. My favorite session was about relationships and understanding of our emotions. We were told that attractions and emotions are normal at this age, not questionable. Initially when Harsh Papa started speaking about the relationships and sexuality, I felt a bit shy. I think that these are normal issues and we should decide about our own limitations without judging anything as right or wrong. What we need is a stable state of mind. I have dream of becoming an IPS officer and if I am able to do that then I will be a role model for inspiring others. We should also be forthcoming about our emotions and share them, specially in cases, when we are not able to handle it alone and are need of some support.

# रिश्ते व भावनाएं




जब मैंने उड़ान वर्कशॉप में हिस्सा लिया तो कई नए दोस्तों से मुलाकात हुई और वह मेरे अब तक के सबसे खूबसूरत चार दिन थे। मेरा सबसे पसंदीदा सत्र वह था जिसमें रिश्तों और अपनी भावनाओं को समझने पर बात हुई। हमें बताया गया कि इस उम्र में आकर्षण व भावनाएं सामान्य बात होती हैं। जब हर्ष पापा ने शुरू में रिश्तों व सेक्सुअलिटी के बारे में बात करना शुरू किया तो हलकी झिझक महसूस हुई। मुझे लगता है कि ये सामान्य मुद्दे हैं और हमें किसी भी बात को सही अथवा गलत आंके बिना अपनी सीमाओं पर ध्यान देना चाहिए। हमें स्थिर दिमाग की जरूरत है। मैं एक आईपीएस अफसर बनना चाहती हूं और अगर ऐसा हो पाया तो मैं दूसरों के लिए एक रोल मॉडल बन पाऊंगी। हमें अपनी भावनाओं को दबाना नहीं चाहिए और उन्हें साझा करना चाहिए, खास तौर पर उन मामलों में जब हम उनसे अकेले नहीं निबट सकते हों और हमें थोड़ी मदद चाहिए हो।

# समझने को उत्सुक थीं लड़कियां

स्टेट फ्यूचर्स प्रोग्राम की कॉर्डिनेटर के तौर पर उड़ान वर्कशॉप के लिए शुरू से काम करने का मौका था। मुझे इन युवा होते बच्चों के साथ काम करने का रोमांच भी था लेकिन एक दुविधा भी थी कि बच्चे कैसे भागीदारी करेंगे। मुझे चेन्नई व बैंगलोर के 8-10 बच्चों के अनुवादक के तौर पर भी भूमिका निभानी थी क्योंकि मुझे दोनों भाषाएं आती हैं। जब शुरुआत हुई तो मैंने पाया कि लड़कियां कई विषयों को समझने को लेकर ज्यादा उत्सुक हैं, खास तौर पर टाइम मशीन और रिश्तों से संबंधित मुद्दों पर। समलैंगिक रिश्तों जैसे कई विषय बच्चों के लिए नए थे और उनके लिए इन्हें समझने का यह अच्छा मौका था। मुझे व्यक्तिगत तौर पर दूसरे राज्यों के युवा दोस्तों और हैदराबाद व चेन्नई के अपनी सहकर्मियों से मिलकर बहुत अच्छा लगा। वर्कशॉप का संचालन हर्ष मंदर से बहुत अच्छे तरीके से किया और हमारे लिए इन युवाओं की भविष्य की योजनाओं की तरफ बढ़ने का यह उपयुक्त मंच था।

शाइनी विंसेंट
*फ्यूचर्स कॉर्डिनेटर, रेनबो होम्स, बैंगलोर*



# Now better awareness

UDAAN is a footstep for future planning, without which one cannot get success in life.

- We became more confidence about our future
- We learned how to take steps for the future
- We learned how to interact each other
- By the time machine we leaned life experience
- We now have better social awareness

Our suggestion is that in UDAAN projector screens should be used for better presentations.

**D. Nandini,** 17 years, Ashritha Rainbow Home, Hyderabad
**P. Maheshwari,** 17 years, Ashritha Rainbow Home, Hyderabad
**Nagalaxmi,** 15 years, Ashritha Rainbow Home, Hyderabad
**Anitha,** 15 years, Ashritha Rainbow Home
**Krishna,** 16 years, Sneh Ghar Rainbow Home

# ज्यादा जागरूक हुए

उड़ान भविष्य की बेहतर योजना की दिशा में एक पड़ाव है। ऐसी योजना के बिना सफलता पाना मुश्किल है। उड़ान के बाद-

- हममें अपने भविष्य को लेकर ज्यादा विश्वास बना
- हम भविष्य को लेकर कद उठाने के प्रति सचेत हुए
- हम एक-दूसरे से संवाद करना सीखे
- टाइम मशीन से हमें जीवन का अनुभव मिला
- हममें बेहतर सामाजिक जागरूकता पैदा हुई

हमारा सुझाव है कि आगे से उड़ान में प्रेजेंटेशन के लिए प्रोजेक्टर स्क्रीन का इस्तेमाल किया जा सकता है।

**डी. नंदिनी,** *17 साल, आश्रिता रेनबो होम, हैदराबाद*
**पी. माहेश्वरी,** *17 साल, आश्रिता रेनबो होम, हैदराबाद*
**नागलक्ष्मी,** *15 साल, आश्रिता रेनबो होम, हैदराबाद*
**अनीता,** *15 साल, आश्रिता रेनबो होम, हैदराबाद*
**कृष्णा,** *16 साल, स्नेह घर रेनबो होम, हैदराबाद*

# More clarity on future now

When I first heard about word UDAAN, I thought that it meant to fly freely. It was partially correct though because the workshop taught me how to fly towards the future in an independent and positive manner. It was a great learning experience. I also learnt, how to control my anger. Most important thing was how I went about making friends. I got to know people from other states and mixing with them. Also important is to always walk besides your friends in their time of difficulty. I also learnt that once we are into a work, we should face any challenge that comes our way. Besides, we also need to have alternate plans ready for us. Often happens that, when we are just focused on one thing and we are not able to achieve that, then we feel disheartened. Hence, we need to have broader outlook. UDAAN workshop was really enjoying. I was able to make many new friends. Before going for the workshop, I was bit confused about my future plans, but I have more clarity on it now.

**Teressa Mallick,** 10th Std,
Loreto Rainbow Home, Sealdah, Kolkata

# भविष्य की तस्वीर साफ हुई

जब मैंने पहली बार उड़ान के बारे में सुना तो मैंने सोचा कि इसका मतलब खुलकर उड़ने से होगा। मैं आंशिक रूप से सही भी थी क्योंकि इस वर्कशॉप ने मुझे सिखाया कि कैसे मैं अपने भविष्य की मंजिल की तरफ आजाद तरीके से और सकारात्मक रूप में बढ़ सकती हूं। यह बहुत कुछ सिखाने वाला अनुभव था। मैंने यह भी सीखा कि अपने गुस्से पर कैसे काबू पा सकती हूं। नए दोस्त बनाने सीखने की कल तो सबसे खास थी। मैं दूसरे राज्यों के लोगों से मिली और उनसे मेलजोल बढ़ाया। जरूरी यह भी है कि आप दोस्तों के मुश्किल समय में हमेशा उनके साथ चलें। मैंने यह भी समझा कि जब हम कोई काम हाथ में ले लेते हैं तो हमें उसके रास्ते में आने वाली हर चुनौती का सामना करना चाहिए। इसके अलावा हमारे पास हमेशा विकल्प होने चाहिए। अक्सर ऐसा होता है कि हम एक ही चीज को लेकर इतने केंद्रित हो जाते हैं कि जब हम उसे हासिल नहीं कर पाते हैं तो निराशा से भर जाते हैं। इसलिए हमारा नजरिया बड़ा होना चाहिए। उड़ान की वर्कशॉप खासी आनंददायक थी। मैंने कई नए दोस्त भी बनाए। वर्कशॉप में जाने से पहले मैं भविषय को लेकर काफी भ्रमित थी, लेकिन अब मेरे सामने चीजें ज्यादा साफ हैं।

**टेरेसा मलिक,** *10वीं, लॉरेटो रेनबो होम, सियालदह, कोलकाता*




**Pooja,** Std VIII,
Gharaunda Rainbow Home, Patna

**पूजा,** *8वीं, घरोंदा रेनबो होम, पटना*

# LAUNCHPAD FOR THE FUTURE

We think that UDAAN is a motivation, a process of development of students. With the encouragement we receive from the society and hard work that we put in, everything in our future will brighten and life would be more colourful. It is a launchpad of our future lives as individuals away from home. At UDAAN we also learnt ways to interact, communicate and share our feelings with others.

Obviously, Time machine is not a real machine but a no-holds-barred imagination of what our life would be when we turn 35. It was indeed one of the most interesting things in UDAAN.

***Food:*** Food was good as we got to know various new tastes.

***Gender issues:*** At the workshop, we learnt about sexuality and also about teenage attractions and interactions. We were also told about the third gender and how normal it is.

***Future:*** Earlier, we didn't believe that Aman Vedika organisation would be able to get us jobs. But after workshop new hopes have been created for the future.

**G. Sabitha,** 16 years, 1st year Intermediate, Musherrabad Home, Hyderabad
**Bibi Fathima,** 15 years, 10th Std, Musherrabad Home, Hyderabad
**Kaveri,** 17 years, 2nd year Intermediate, SRD Rainbow Home, Hyderabad
**Noorjahan,** 18 years, Final year Diploma, Medibavi Home, Hyderabad
**Yadalaxmi,** 16 years, 10th Std, Medibavi Home, Hyderbad
**Tarakesh,** 16 years, 10th Std, Harshitha Home,Hyderabad



# भविष्य की तैयारी

हम महसूस करते हैं कि उड़ान एक प्रेरणा है, बच्चों के विकास की एक प्रक्रिया। हमें अपने आसपास के समाज से जो प्रेरणा मिलती है और हम जो कड़ी मेहनत करते हैं, उससे ही हमारा भविष्य निखरता है और जीवन बहुरंगी बन जाता है। होम से बाहर निकलने के बाद की हमारी जिंदगियों के लिए यह एक आधार बन जाता है। उड़ान में हमने लोगों से संवाद, मेलजोल और उनसे अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के तरीके सीखे।

टाइम मशीन कोई असली मशीन नहीं थी बल्कि हमारी कल्पनाओं की एक असीमित उड़ान थी जिसमें हम यह कल्पना कर सकते थे कि 35 साल की उम्र में हमारा जीवन कैसा होगा। यह एक बड़ा रोचक सत्र था। खाना अच्छा था और हमें कई नए तरह के स्वाद चखने का मौका मिला। वर्कशॉप में हमने सेक्सुअलिटी के बारे में भी जाना और यह भी कि इस उम्र में किस तरह के बदलाव व आकर्षण होते हैं। हमने पुरुषों व स्त्रियों के अलावा तीसरे लिंग के बारे में भी जाना और समझा कि वह भी एक सामान्य प्रक्रिया है। पहले तो हम यह सोचते थे कि अमन वेदिका संगठन हमें नौकरियां नहीं दिलवा पाएगा। लेकिन वर्कशॉप के बाद हमारे मन में भविष्य के लिए नई उम्मीदें जगी हैं।

**जी. सबिता,** *16 वर्ष, 1 वर्ष इंटर, मुशीराबाद होम, हैदराबाद*
**बीबी फातिमा,** *15 साल, 10वीं, मुशीराबाद होम, हैदराबाद*
**कावेरी,** *17 साल, 2 वर्ष इंटर, एसआरडी रेनबो होम, हैदराबाद*
**नूरजहां,** *18 साल, अंतिम वर्ष डिप्लोमा, मेडिबावी होम*
**यादलक्ष्मी,** *16 वर्ष, 10वीं, मेडिबावी होम, हैदराबाद*
**ताराकेश,** *16 वर्ष, 10वीं, हर्षिता होम, हैदराबाद*





# बनना एक अच्छा व कामयाब इंसान

उड़ान वर्कशॉप हम सभी के लिए जीवन को बदलने वाला अनुभव थी। हम खुशकिस्मत थे कि हमें अपने रेनबो होम्स से सहयोग व मार्गदर्शन मिला। इस वर्कशॉप में हमने कई सारी बातें सीखीं व अनुभव की। लेकिन एक बात जो हमें सबसे खास लगी, वो थी अच्छा व कामयाब इंसान बनने पर हुआ सत्र। एक सफल व अच्छा इंसानन बनने के लिए व्यक्ति को अपनी कमजोरियों से पार पाना होता है। हमें दूसरों का भरोसा भी जीतना होता है। लक्ष्य हासिल करने और अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हमें भविष्य पर निगाह रखनी चाहिए और कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

उड़ान में हमने भविष्य के लक्ष्य तय करने के बारे में भी जाना। वहां एक ऐसी गतिविधि भी हुई जिससे हमें भविष्य के बारे में सोचने में मदद मिली। 'टाइम मशीन' के सत्र में हमने खुद को भविष्य में अलग-अलग व्यवसायों में परिकल्पित किया,, जैसे कि टीचर, खिलाड़ी या आईपीएस अफसर के रूप में। हमने यह भी सोचा कि कैसे हमारे परिवार हमें आगे पढ़ाने या अच्छी नौकरियों में जाने देने के लिए तैयार नहीं हो रहे हैं और हमें संघर्ष करना पड़ रहा है। इस गतिविधि ने हमें सोचने व दिशा देने का अच्छा मौका दिया।

अपने होम्स में लौटने बाद हमने अपने भविष्य की योजना पर काम करना शुरू भी कर दिया है। अपने लक्ष्य पर पहुंचने के लिए मदद व दिशानिर्देश पाने में हमें रेनबो टीम का भी साथ मिल रहा है। हमें यह भी अहसास हो गया है कि यह काम आसान नहीं, इसमें समय भी लगता है और कड़ी मेहनत भी। हमने यह भी महसूस किया है कि जीवन में कुछ हासिल करने के लिए कुछ चीजें छोड़नी भी पड़ती हैं जैसे कि ज्यादा टीवी देखना, देर तक सोना, और अपनी सेहत व दिनचर्या पर ध्यान न देना। हम यह भी जान गए हैं कि लक्ष्य हासिल करने की राह में कई मुश्किलें व चुनौतियां भी मिलेंगी लेकिन हमें उनको लेकर दिल छोटा नहीं करना होगा। हम गिरे भी तो फिर खड़े होंगे और चल देंगे।

**मंगल काले,** *9वीं,* **संतोषी पवार,** *10वीं*
**मोनिका जगदाले,** *11वीं,* **निकिता लोंधे,** *11वीं*
**आरती खैरमोदे,** *11वीं, न्यू विजन रेनबो होम, पुणे*



# Being a good and SUCCESSFUL HUMAN

**UDAAN** workshop was a life changing experience for us. We were fortunate to get the guidance and support of Rainbow Homes. There were a lot of things that we experienced and learnt in this workshop but one thing that stood out for us was a session on "Being a good and successful human being". One needs to gain the trust and confidence of others. We should always look at our future and work hard towards achieving our future goals and aspirations.


At UDAAN workshop we also learnt about setting goals for the future. There was an activity which helped us to think about our future. At this 'Time Machine' session, we visualised our future. We could reflect upon struggles where our family members were not very supportive of our pursuing higher education or taking high professional jobs. This activity gave us a good chance to think and ideate.

Once back at our homes, we have started planning for our future. We are taking help of the rainbow team members to provide us with the guidance and assistance. We learnt that it is not an easy task; it takes time and effort. We also realised that there will be many challenges and obstacle that will come in the way of achieving our goals but we should never get disheartened. It is never the end of the road, we should rather get up and walk again.

**Mangal Kale,** 9th Std, **Santoshi Pawar,** 10th Std, **Monika Jagdale,** 11th Std, **Nikita Londhe,** 11th Std, **Aarti Khairmode,** 11th Std, New Vision Rainbow Home, Pune

# NEWSLETTER OF RAINBOW HOMES

(for private circulation only)




Rainbow Homes
EMBRACE. EDUCATE. ENABLE.

| | |
|---|---|
| Cities | 9 |
| Homes | 54 |
| Implementing organizations | 29 |
| Present Children | 4255 |

Copy rights @ Rainbow Homess Program

# Rainbow Homes

**EMBRACE. EDUCATE. ENABLE.**

Anuradha Konkepudi, Executive Director Email: reach@rainbowhome.in
Rainbow Homes Programe ARUN, 1-1-711/c/1, 1st floor,
Opp. vishnu Residency, Gandhinagar, Hyderabad - 80 Office No: 040-65144656

RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • రెయిన్‌బో సాథి • ரெயின்போ சாத்தி • ರೈನ್‌ಬೋ ಸಾಥಿ • রেইনবো সাথী